SSC GD 2025

अवसर बैच

हिंदी

क्रिया

Part -2

LIVE 03-08-2024 06:15 P

क्रिया 02

② सकर्मक क्रिया के भेद दो होते हैं।

↓

(1) एक कर्मक

(2) द्विकर्मक

① एककर्मक :→ जिस क्रिया में एक कर्म पाया जाता है उसे एककर्मक सकर्मक कहते हैं।

उदा :→ ① राम सेब खाता है। ② मोहन चाय पीता है

(2) द्विकर्मक :→ जिस क्रिया में दो कर्म पाए जाते हैं द्विकर्मक सकर्मक क्रिया कहलाती है।



(2) माँ बच्चे को दूध पिलाती है।

कर्ता | गौणकर्म | कर्म मुख्य | क्रिया

(3) अध्यापक छात्रों को हिन्दी पढ़ाते हैं।

कर्ता | गौणकर्म | मुख्यकर्म | क्रिया

(1) क्या - हिन्दी
(2) किनको - छात्रों को
(3) कौन - अध्यापक

(2) अर्थ के आधार पर क्रिया भेद → पाँच

आना, वाना (वानी)

(1) प्रेरणार्थक क्रिया :→

जहाँ पर वाक्य कर्ता स्वयं कार्य नहीं करता तथा दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है वहाँ प्रेरणार्थक क्रिया होती है।

शाब्दिक अर्थ → प्रेरित करना

उदा :→ माताजी ने पिता जी से सब्जी मंगवाई।

मास्टर जी ने छात्रों से पाठ पढ़वाया

(2) पूर्वकालिक क्रिया :→ जब वाक्य का कर्ता एक क्रिया समाप्त करके उसी समय दूसरी क्रिया शुरू करता है तो पहले वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है।

(पहले काल का समय)

उदा :→ (1) राकेश पढ़कर सो गया।

पूर्वकालिक — दूसरी क्रिया

(2) बच्चा दूध पीकर खेलने लगा।

(3) नामधातु क्रिया :→

वे क्रियाएँ जिनका निर्माण संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से होता है नाम धातु क्रिया कहलाती हैं।

उदा :- (1) बात → बतियाना

(2) हाथ → हथियाना

(2) शरम → शर्माना

(4) झूठ → झुठलाना

(5) पीला → पीलापड़ना

(6) गरम → गरमाना

(गर्म)

(4) **सामान्य क्रिया :-** जब वाक्य में एक ही क्रिया का प्रयोग किया जाता है। वहाँ सामान्य क्रिया होती है।

(1) मोहन सोता है।
क्रिया — सहायक क्रिया

(2) मोहन पढ़ा। राम दौड़ा। माता जी ने खाना बनाया।
(3) सीता खेली। सोहन रोया। राम ने खाना खाया।

⑥ संयुक्त क्रिया :→ जब दो या दो से अधिक धातुएँ / क्रियाएँ एक साथ आती हैं वहाँ पर संयुक्त क्रिया होती है।

उदा :→ (1) राजेश कमरे में आता जाता रहता है। (आना, जाना)

(2) मोहन पत्र लिखने लगा। (लिखना, लगना)

(3) शीला पाठ पढ़ने लगी। (पढ़ना, लगना)

विशेष :→ संयुक्त क्रिया के 11 भेद होते हैं।

सजातीय क्रिया

धातु

चढ़ → चढ़ना। चढ़ाई

पढ़ → पढ़ना पढ़ाई

क्रियार्थक क्रिया

* टहलना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है

क्रियासंज्ञा

अनुकरणात्मक

हिनहिनाना।

मिनमिनाना।

सहायक

राम पत्र लिख रहा है। → सहायक क्रिया (मुख्य क्रिया को स्पष्ट करती है।)